तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 8 मार्च 2025



12 एक बाइक में चार सवारी





13 स्वच्छ व स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री मोदी की पहली...







आवश्यकता है

कम्प्यूटर वर्क/ऑफिस वर्क के लिए फीमेल स्टॉफ/ लड़कियाँ एवं सेल्स गर्ल कपड़े एवं रेडिमेड के लिए आवश्यकता है

-: संपर्क करें :-

काका होजियरी

गंज रोड, नवापारा (राजिम)

9893744470


# इलेक्ट्रानिक एवं फर्नीचर शोरूम में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के पाण्डुका में एक इलेक्ट्रानिक एवं फर्नीचर शोरूम में देर रात आग लग गई। जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। यह घटना पाण्डुका थाने से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को संभावित कारण माना जा रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पांडुका थाना प्रभारी जयप्रकाश नेताम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। आगजानी थी या किसी ने जानबूझकर लगाई, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

### आगजनी : शॉर्ट सर्किट या साजिश पर पुलिस कर रही है जांच





### संचालक ने जताई साजिश की आशंका

वहीं, शोरूम के संचालक इस घटना के पीछे साजिश होने की आशंका जता रहे हैं। उनका कहना है कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं बल्कि किसी ने सोची-समझी साजिश के तहत यह आगजनी की है। संचालक ने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके। इन घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि शॉर्ट सर्किट जैसी तकनीकी खामियां या अन्य कारणों से आग लग सकती है। इसलिए, फर्नीचर शोरूम और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में उचित सुरक्षा उपाय अपनाना आवश्यक है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति अनावरण कल

राजिम। ग्राम धूमा में 9 मार्च को दिल्लीवार क्षत्रिय कुर्मी समाज का वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। इस दौरान नवनिर्मित छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति का अनावरण विधायक के हाथों होगा।





## हाईवे 130 सी पर दो बाइक आपस में टकराई, 4 घायल

**मैनपुर**। नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मुख्य मार्ग में मैनपुर से 14 किमी दूर पारागांव के पास शुक्रवार को शाम 4 बजे के आसपास दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गई जिससे मोटर साइकिल में सवार तीन पुरुष एवं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया। घटना के बाद सड़क में भारी भीड़ लग गई।

## ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी कला में फर्जी मतदान की जांच की मांग

**गरियाबंद**। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी कला के वार्ड क्रमांक 9 में फर्जी मतदान का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।



प्रत्याशी अक्षय कुमार ने शिकायत में बताया कि 17 फरवरी को मतदान के दौरान उनके प्रतिद्वंदी गैंद लाल दीवान द्वारा अन्य ग्राम पंचायत मौहाभाठा, ग्राम केरगांव निवासी मतदाता खेमीन बाई (सरल क्रमांक 521, वार्ड 7) से फर्जी मतदान कराया गया। अक्षय कुमार का दावा है कि इसी कारण वे मात्र 1 वोट से चुनाव हार गए।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संबंधित महिला का विवाह आठ वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत मौहाभाठा के ग्राम केरगांव में हो चुका है, और वह पहले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में वहीं मतदान कर चुकी हैं। एजेंट की आपत्ति के बावजूद मतदान अधिकारी ने मतदान संपन्न कराया, जिससे निष्पक्षता पर सवाल खड़ा हो रहा है। अक्षय कुमार और ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 9 में हुई गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच की मांग की है।







**खबर संक्षेप**

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आज

**गरियाबंद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन 8 मार्च को किया जायेगा। इस संबंध में जिला स्तरीय कार्यक्रम गरियाबंद के वन विभाग स्थित ऑक्सन हॉल में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, एवं उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, सभी नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10.30 बजे से होगा। जिसमें महिलाओं के विभिन्न प्रकार के खेलकुद प्रतियोगिता, रंगोली तथा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।
उक्त कार्यक्रम में जिला के समस्त विकासखण्डों के एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मानित किया जायेगा साथ ही, प्रत्येक परियोजना के सेक्टर पर्यवेक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा। मुख्य अतिथि के माध्यम से जिला के विभिन्न पदों में नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी साल एवं श्री फल के माध्यम से सम्मानित किया जायेगा आगामी होली के अवसर को देखते हुए महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम / फाग गीत भी प्रस्तुत किया जायेगा। जिला रायपुर साइंस कॉलेज ग्राउण्ड वृहद महिला सम्मेलन आयोजन में भी जिला के सभी विकासखण्डों 2000 महिलाओं को सम्मानित होने के लिए जायेगी जिनके लिये प्रशासन के द्वारा उचित व्यवस्था कि जा रही है। राज्य स्तर पर उक्त कार्यक्रम में परियोजना छुरा की सरकड़ा केन्द्र क्रमांक 03 की आ.बा. कार्यकर्ता श्रीमती भुतेश्वरी कंवर को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए माननीय मुख्यमंत्री से पुरस्कृत किया जाएगा।

**प्रतिक्रिया : कांग्रेस ने कहा- बजट ने प्रदेश की जनता को किया निराश**

# प्रदेश के विकास के लिए वित्त मंत्री चौधरी ने प्रस्तुत किया श्रेष्ठ बजट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 2025 का बजट पेश किया गया है। इस बजट को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा ने प्रदेश सरकार के बजट को उन्नति की नई दिशा तय करना वाला बजट बताया है तो कांग्रेस ने इस बजट को निराशाजनक कहा है। बिन्द्रानवागढ़ भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने प्रदेश सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ के जनता के लिए एक श्रेष्ठ बजट प्रस्तुत किया गया है वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा बहुस्पर्शी, बहुआयामी और सर्वव्यापी बजट पूरे छत्तीसगढ़ के विकास को ध्यान में रखकर बनाया गया है सभी वर्गों का सभी क्षेत्रे का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया गया है इस बजट में विकास के कई कार्यक्रम व योजनाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए बहुत कुछ किया गया है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा की भाजपा सरकार के बजट उन्नति की नई दिशा तय करने का बजट है यह केवल आर्थिक दस्तावेज नही बल्कि प्रदेश की उन्नति की नई दिशा तय करने का प्रयास है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ बजट को प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। श्री शर्मा ने कहा इस बजट में वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आईएएस के लगभग 15 वर्श के कार्यकाल के दौरान अर्जित किये गये अनुभव साफ झलकता है इस बजट को देखकर निश्चित तौर पर कहा जा सकता है अगले पांच वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ के सपना को पूरा किया जायेगा। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमति नंदिनी नेताम ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देने वाला प्रगति का बजट है बजट में प्रदेश की महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने कई योजना लाया गया है नारीशक्ति पर केन्द्रीय बजट का लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा।

पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेत्री सरिता सेन ने कहा की विष्णुदेव सरकार का बजट किसान, मजदुर, आम जनता सभी वर्गो के लिए कल्याणकारी एवं हितकारी है रेडी टू ईट का संचालन पुनः महिला स्वसहायता समूह को दिये जाने से महिलाओ में आर्थिक सक्षमता के साथ आत्मनिर्भर बनायेगी पेट्रोल की कीमत में एक रूपये की कमी से आम जनता को राहत मिलेगा। आठ लाख लखपति दीदी बनाने के संकल्प सुनहरे छत्तीसगढ़ निर्माण की बजट है।

भाजपा युवा नेता मनोज निर्मलकर ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार का बजट कृशि सहकारिता के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण है दलहन तिलहन की खेती को बढ़ावा मिलेगा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अटल सिंचाई योजना के माध्यम से ढाई लाख एकड़ सिंचित रकबा में वृद्धि किये जाने व नये खरीफ वर्श से प्रदेश के किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी उपलब्ध कराने के निर्णय से कृशि क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी।



**कांग्रेस ने बजट को निराशाजनक बताया**

ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की यह बजट पूरी तरह निराशाजनक है साय सरकार के दूसरे बजट में पिछले वायदे को भुला दिया गया है एक लाख नई नौकरी, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, पांच सौ रूपये में सिलेंडर, बेरोजगारी भत्ता जैसे कोई भी वायदे पूरा नही किया गया। श्री ध्रुव ने कहा की पिछले 15 महिने में सरकार की कोई उपलब्धि दिखाई नही दे रही है।ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेन्दु यादव ने कहा की बजट प्रदेशवासियों के लिए निराशाजनक है बजट में कोई नई चीज नहीं है पुराने वायदे अब तक पूरे नहीं किये गये है जबकि 33 हजार शिक्षको की भर्ती अधुरी रह गई, वनोपज आधारित उद्योगो और सरकारी विश्व विद्यालयों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

## प्रथम दिवस देव स्थापना के बाद सुनाई गौकर्ण कथा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

ग्राम चरौदा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह बुधवार की शाम गोधलू बेला में देव प्रतिष्ठा एवं गोकर्ण महत्तम की कथा से शुरू हुआ। प्रवचन कर्ता आचार्य बाल योगी विष्णु अरोड़ा हैं। प्रयायणकर्ता पुष्कर तिवारी लोहरसिंग है। आयोजन कर्ता तिजिया बाई सिन्हा, विमला, चन्द्र प्रकाश सिन्हा पुष्पलता, युगल किशोर सिन्हा इन्दू सिन्हा, कमल नारायण सिन्हा सुमन, लक्ष्मी नारायण रीतू, संतोष तामेश्वरी, योगेश उमा, सुमीत किशोर, सुनील किशोर, गरिमा परिवार चरौदा के तत्वावधान में अपने पुज्य स्मृति स्व. नेमू राम सिन्हा, स्व रेवती रमण सिन्हा, स्व. गायत्री सिन्हा की पुण्य स्मृति में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 5 से 13 मार्च तक कथा चलेगा। कथा समय सुबह 11 से 1 बजे तक, मध्यांन के बाद दोपहथ 3 से संध्या 5 बजे सुनाए जायेंगे। कथा स्थल मानस प्रचार चौक के समीप आयोजन स्थल है। प्रसिद्ध विद्वान भगवताचार्य विष्णु अरोड़ा ने प्रथम दिन बुधवार को देव स्थापना के बाद गौकर्ण कथा सुनायें। कथा में बताया गया कि आत्मदेव और धुंधुली, तुंगभद्रा नदी के किनारे रहते थे। आत्मदेव अपने काम में निपुण थे, लेकिन धुंधुली ज़्यादा बकबक करने वाली और झगड़ालू थी। धुंधुली की बहन ने जिस बच्चे को जन्म दिया, उसका नाम धुंधकारी रखा गया। धुंधकारी ने चोरी करना शुरू कर दिया और दूसरों को कष्ट पहुंचाना शुरू कर दिया। धुंधकारी ने अपने पिता की सारी संपत्ति नष्ट कर दी। इससे दुखी होकर पिता आत्मदेव घर छोड़कर वन में चले गए। इस आयोजन के तहत कथा में सुखदेव जन्म एवं मनु प्रसंग, कपिल जन्म सांख्य योग, ध्रुव चरित्र वन गमन, प्रीथ अवतार, जड़ भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, रामावतार एवं श्री कृष्ण जन्म, को कृष्ण बाल चरित्र, माखन चोरी, नाग लीला, रासलीला, कंसवध, रुक्मिणी विवाह एवं सुदामा चरित्र, परम धाम, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। गीता पाठ के साथ समापन होगा। प्रतिदिन कथा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे एवं शाम 3 से 5 बजे तक सुनाई जा रही है।

**एक बाइक में चार सवारी**

**मैनपुर।** इन दिनों लगातार सड़क दुर्घटनाओ का ग्राफ बढ़ता जा रहा है और एक मोटर साइकिल में चार लोग सवारी करते नजर आ रहे है जो दुर्घटनाओं का आमंत्रित कर रहा है।



## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के दिए निर्देश


**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, मुआवजा मामलों का गंभीरतापूर्वक निपटारा और खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के क्रियान्वयन, भूमि अर्जन, कृषि भूमि के गैर-कृषि प्रयोजन हेतु व्यवर्तन, राजस्व वसूली, स्वामित्व योजना, जाति-निवास प्रमाण पत्रों के सेचुरेशन अभियान, अतिक्रमण व बेदखली मामलों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी लंबित मामलों को समय-सीमा के भीतर हल करने के निर्देश दिए और प्रकरण निराकरण के बाद अभिलेख दुरुस्तीकरण सुनिश्चित करने को कहा। खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन पर सख्ती बरतने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने वन अधिकार पट्टा, हाईकोर्ट में लंबित मामलों, शासकीय भूमि आवंटन, अवैध कॉलोनी निर्माण व अन्य महत्वपूर्ण राजस्व प्रकरणों की अनुविभागवार गहन समीक्षा की।तहसील कार्यालयों में धीमी गति से हो रहे मामलों पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने तहसीलदारों को तय समय सीमा में प्रकरण निपटाने को कहा। उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से हल करने और इसकी सूची जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारी मौजूद रहे।








## खबर संक्षेप



### फागुन के माह में जंगल में पेड़ पौधों का बहार देखते ही बन रही

**मैनपुर।** फागुन माह में जंगल के पेड़ -पौधों के जहां पत्ते झड़कर नए पत्ते आ रहे हैं। वहीं पेड़- पौधे में खुबसूरत फूल और बहार देखते ही बन रहा है। इस तस्वीर को आज नेशनल हाइवे मैनपुर गरियाबंद मार्ग में नवागढ़ नदी के पास लिया गया है।

### खट्टा में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**पटेवा।** ग्राम खट्टा में स्व. राधाबाई नायक की स्मृति में 5 मार्च से 12 मार्च तक श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचिका साध्वी राधिका किशोरी धाम अयोध्या है। कथा सुनने आसपास के श्रद्धालुगण भारी संख्या में पहुंच कर लाभ ले रहे है। आयोजक खेमराज नायक, गायत्री बाई नायक, चुनु नायक, दिलीप नायक, गणेश नायक, गोकुल नायक एवं रूखमणी नायक है।

### 14 को होली पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए शुक्रवार 14 मार्च 2025 को होली पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने होली के लिए घोषित शुष्क दिवस पर महासमुंद जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल-3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भण्डारण भांडागार महासमुंद को बंद रखने के लिए आदेशित किया है। उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### दोपहर में तेज धूप सुबह मौहारी ठंड

**नर्रा।** दोपहर में तेज धूप और सुबह मौहारी ठंड ने एक बार फिर लोगों को स्वेटर, शाल जैकेट आदि का उपयोग करने पर मजबूर कर दिया है। बता दें कि इस मार्च के महीने में सप्ताहभर बाद होली का त्यौहार है। दोपहर में तेज धूप के साथ ही उमस का अहसास हो रहा है। वहीं अलसुबह अच्छी ठंड पड़ने से लोग गर्म कपड़े का उपयोग कर रहे हैं।

**दिवस : महिलाएं स्वावलंबी होकर देश एवं समाज में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर**

# कैंसर को हराकर छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ संघर्ष का पाठ पढ़ा रही प्राचार्य फाखरा खादम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया जा रहा है। महिलाओं के अधिकार को संरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को विश्व महिला दिवस का आयोजन होता हैं। भारत के प्रत्येक शहरों, कस्बों एवं गांव में महिलाओं की हर क्षेत्र में हिस्सेदारी बढ़ी है। ऐसा कोई क्षेत्र अछूता नहीं है जहां महिलाओं का योगदान न हो। शिक्षा, चिकित्सा, कला, प्रबंधन, राजनीति, वास्तु , ज्योतिष के साथ साथ अंतरिक्ष अनुसंधान तक महिलाओं ने अपनी योग्यता का परचम फहराया है। विभिन्न प्रमुख राजनैतिक दलों की रणनीति महिलाओं के ध्यान में रखते हुए बनाए जाने लगे है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी महिलाओं को आगे लाने एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से परिवार के मुखिया का दर्जा भी महिलाओं को प्रदान है। महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए शासकीय भर्ती के अतिरिक्त पंचायती राज व्यवस्था एवं नगरीय निकाय चुनाव में महिलाओं का आरक्षण तय किए गए है। जिससे महिलाएं स्वावलंबी होकर देश एवं समाज में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ग्रामीण एवं छोटे शहर में भी महिलाएं अपने क्षेत्र में शिखर पर है। समाज में जिम्मेदारी को भलीभांति समझते हुए प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहे है। नवापारा एवं राजिम अंचल में भी महिलाएं विकसित राष्ट्र की परिकल्पना को हासिल करने के लिए वचनबद्ध है। अभनपुर विकासखंड के सबसे बड़े स्कूल के रूप में शासकीय हरिहर स्कूल की पहचान है। हरिहर स्कूल को पीएम श्री स्कूल का दर्जा भी प्राप्त है। वर्तमान में फाखरा खादम दानी स्कूल की प्राचार्य के पद पर है। जहां 1300 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं 40 स्टाफ का कुशल प्रबंधन श्रीमती दानी द्वारा किया जा रहा है। दो पालियों में लगने वाले हरिहर स्कूल में प्राचार्य पद की जिम्मेदारी बहुत ही कुशलता से निभा रही है। वर्ष 2013 में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से पीड़ति होने के बावजूद आस नहीं छोड़ी। कैंसर बीमारी को अपने दृढ़ इच्छा शक्ति एवं आत्मविश्वास के सहारे मात्र 2 वर्षों के कठिन संघर्ष एवं ईलाज के बाद आज पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर स्कूल के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त जीवन में संघर्ष एवं अनुशासन का पाठ पढ़ा रही है। बसना जैसे कस्बे में पढ़ी श्रीमती दानी ने उच्च शिक्षा रायपुर एवं भोपाल जैसे शहरों से प्राप्त किया। श्रीमती दानी एमए गोल्डमेडलिस्ट, बीएड के साथ-साथ एलएलबी की डिग्री हासिल की है। कुरूद एवं कसडोल महाविद्यालय में अध्यापन करने के पश्चात शासकीय स्कूल कोपरा में व्याख्याता पद से शासकीय सेवा प्रारंभ की। विगत 33 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है।


प्राचार्य फाखरा खादम


ओमकुमारी साहू


डॉ. गुरप्रीत कौर


सांसद रुपकुमारी चौधरी


डॉ. कौर

## प्रत्येक माह की एक तारीख को गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच : डॉ. कौर

राजिम। राजिम में कौर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की संचालिका डॉ. गुरप्रीत कौर बड़े शहरों की चकाचौंध से दूर राजिम में अस्पताल का संचालन कर रही है। डॉ. गुरप्रीत कौर को ग्रामीण परिवेश में रहकर महिलाओं की इलाज रियायती दरों में कर रही है। हालांकि उनकी दो अन्य बहने कनाडा एवं अमेरिका में निवासरत है। डॉ गुरप्रीत की प्रारंभिक शिक्षा भिलाई एवं एमबीबीएस व पीजी की पढ़ाई मनीपाल से हुई। डॉक्टर बनने के पश्चात नेपाल के मेडिकल कॉलेज में एक वर्ष छात्रों का अध्यापन कार्य करने के पश्चात पुनः छत्तीसगढ़ आकर अभनपुर, नवापारा एवं राजिम अंचल के मरीजों की 15 वर्षों से सेवा में लगी हुई है। डॉ. गुरप्रीत कौर चिकित्सक तो है ही इसके साथ ही समाज सेविका की तरह भी काम करती है। गरीब वर्ग के 100 से अधिक महिलाओं के बच्ची के जन्म पर निःशुल्क डिलीवरी की सुविधा प्रदान की है एवं हर माह की एक तारीख को गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच की सुविधा प्रदान करती है। निसंतान दंपतियों को खानपान एवं योग की काउंसलिंग दी जाती है। यूट्यूब चैनल के माध्यम से निसंतान दंपतियों को मां बनने का विशेष प्रशिक्षण प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ में सिकलिंग को जड़ से समाप्त करने के लिए डॉ. गुरप्रीत कौर वचनबद्ध है। अपनी बनाई गई पेंटिंग उपहार में प्रदान कर मरीजों के चेहरे में मुस्कान लाती है ।

## 55 वर्षों में 5 हजार प्रसव करवा चुकी हैं : डॉ. एम कौर

नवापारा-राजिम। नगर में डॉ एम कौर 55 वर्षों से क्षेत्र के लोगों का उपचार कर रही है। महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ डॉ एम कौर रोगियों के इलाज के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी की सुविधा प्रदान करती है। जब नवापारा में कोई भी महिला चिकित्सक नहीं थी तब वर्ष 1971 से अब तक 81 वर्ष की उम्र में भी रोज 8 से 10 घंटे समर्पित भाव से मरीजों का उपचार में व्यस्त रहती है। डॉ एम कौर ने बताया कि विगत 55 वर्षों में 5000 से अधिक महिलाओं को सुरक्षित प्रसव करवा चुकी है। लखनऊ मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने के बाद वर्ष 1971 से नवापारा में लोगों को सेवा दे रही है। डॉ बलजीत सिंह एवं डॉ एम कौर दंपत्ति को इस क्षेत्र के लोग भगवान मानते है। डॉक्टर दंपति पूरी सेवा भाव से लोगो को किफायती दरों में उपचार कर रहे है।

## नवापारा राजिम अंचल में सभी जाति-धर्म व समुदाय की महिलाओं की विकास में भागीदारी

**नवापारा-राजिम।** जनसेवा की भावना से महज 24 वर्ष की उम्र में ओमकुमारी संजय साहू पार्षद बनी। अब रायपुर जिले के सबसे बड़े नवापारा पालिका की अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। गौरतलब है कि नवापारा नगर रायपुर जिले का सबसे बड़े नगरपालिका में से एक है। नवापारा की आबादी लगभग 45000 है। जहां नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर ओमकुमारी संजय साहू निर्वाचित हुई है। महज 24 वर्ष की उम्र में राजनीति में प्रवेश किया। अध्यक्ष बनने के पूर्व दो बार पार्षद का कार्यकाल पूरा कर चुकी है। अपने वार्ड में किए गए कार्य के फलस्वरूप अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुई है। विगत 10 वर्षों में पार्षद रहते हुए सीसी रोड निर्माण, स्वच्छता, वार्ड में शासकीय भवन निर्माण के कार्य करवाए है। जनप्रतिनिधि होने के नाते वार्ड के एक बच्चे के दिल में छेद का सफल ऑपरेशन करवाने पीड़ित परिवार में शासन की योजना लाभ दिलवाने एवं एक अन्य बच्चे के गले में ट्यूमर का सफल ईलाज में सहयोग करना सुखद अनुभव था। पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने बताया कि नगर को स्वच्छता रैंकिंग में सर्वोच्च स्थान दिलवाने का प्रयास रहेगा।आगामी 5 वर्षों में स्वच्छता, नाली, बिजली एवं नगर हित के अन्य काम किए जाएंगे। नवापारा नगर की राज्य में विशेष पहचान दिलवाने के लिए भरसक प्रयास रहेगा।

# चिकित्सा शिविर में 531 लोगों का किया उपचार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्रामों, शासकीय स्कूलों, पाराटोला में इन दिनों राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत एनिमिया कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शुगर, बीपी, खून जांच कर दवा का भी वितरण किया जा रहा है। मैनपुर के डॉ. सुमन बागची ने बताया 531 लोगों की जांच कर दो दिनों के भीतर दवा वितरण किया गया।

# स्वच्छ व स्वस्थ भारत प्रधानमंत्री मोदी की पहली प्राथमिकता : महेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वाधान में शुक्रवार को जन औषधि दिवस धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र हिरौदिया तथा विशेष अतिथि के रूप में जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल, सुश्री छाया राही, कुलेश्वर साहू, पार्षद भारत यादव, तुषार कदम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राजीव लोचन की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प मला व तिलक लगाकर स्वास्थ्य विभाग कर्मचारीयों ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोगो को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की कल्पना किया हैं, इसी उद्देश्य को पूरा करने के उद्देश्य से देश के लोगों को सस्ता सुलभ दवाइयां उपलब्ध हो इसके लिए पुरे देश के विभिन्न अस्पतालो मे जन औषधी केंद्र खोला गया है। श्री यादव ने कहा कि डॉक्टर भगवान का दूसरा रूप होता है, जो मरीजों की इलाज कर नया जीवन देते हैं।


जन औषधि दिवस धूमधाम से मनाया गया

**लोगों को सस्ते दर पर उपलब्ध कराई जा रही दवाइयां-** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर वीरेंद्र हीरौदिया ने कहा कि राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत 7 वर्षों से जन औषधि केंद्र खोला गया है, जिसमें क्षेत्र के लोगों को सस्ते दर पर दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही हमारे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मरीजों की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। विशेष अतिथि के रूप में सुश्री छाया राही और पार्षद तुषार कदम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजीव सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारी और अधिकारी बहुत अच्छे से अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन कर क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की सुविधा दे रहे हैं। साथ ही खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेन्द्र हिरौदिया ने अस्पताल स्टाफ के लिए क्वार्टर की मांग किया। कार्यक्रम के अंत में टीवी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीवनदीप समिति के सदस्य सोमनाथ पटेल ने किया तथा आभार व्यक्त योगेश पराणा ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बी पी एम शौरभ विरमानी, वंदना साहू, योगेश पाराणा, जन औषधी केंद्र के संचालक दीपक साहू, डॉ. अरुण अवधिया, शिल्पा हरिरमानी, योशु मसीह साहू, मनोज खटकर क्षमा शर्मा, सुरेखा साहू, पूनम सिन्हा, सोनबती पटेल, सहित अनेक लोग उपस्थित हुए।

# बढ़ते मापमान के साथ तरबूज की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

क्षेत्र में इन दोनों तरबूज की आवक एवं मांग दोनों बढ़ी है। मार्च में गर्मी प्रारंभ होने के साथ ही तरबुज बाजार में पहुंच गया है। शहर में कोई ठेले पर रखकर तो कोई जमीन पर रखकर बिक्री कर रहे हैं। विक्रेता इन्हें साइज देखकर वजन के हिसाब से कीमत लगा रहे हैं। क्योंकि गर्मी अब धीरे-धीरे बढ़ रही है इसलिए उनके धंधे भी अच्छे होने की उम्मीद है। नवापारा में रायपुर रोड पर एवं राजिम में पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पर तरबुज बिक रहा हैं। तरबूज भी दो प्रकार के है। एक गाढ़ी काई कलर के गोल तरबूज एवं एक हल्की हरे रंग की धारीदार वाली तरबूज। नई फसल होने के कारण तरबूज के मूल्य 60 से लेकर 70 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बेचा जा रहा है जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जाएगी तरबूज के मूल्य में बढ़ोतरी भी होती जाएगी। गर्मी के पिक सीजन में तरबूज 100 से लेकर 120 रूपए प्रति किलो के हिसाब से भी बिकने लगेगा।

**तरबूज में भरपूर पोषक तत्व एवं 90% पानी की मात्रा-** जानकारी के मुताबिक तरबूज में 90% से ज्यादा पानी होता है एवं मीठा होता है। आकार में बड़ा, छोटा दोनों प्रकार का होता है। गले को तर करने और गर्मी को दूर करने का तरबूज एक अच्छा विकल्प है जो न केवल प्यास बुझाता है बल्कि भूख को भी शांत करता है। इसमें कई पोषक तत्व पाया जाता है जिसके कारण शरीर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का काम आता हैं। डॉक्टरों के मुताबिक तरबूज में फाइबर, पोटेशियम आयरन और विटामिन ए, विटामिन सी एवं विटामिन बी से भरपूर होता है इसमें लाइकोपीन नामक तत्व बनता है यह एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है और इसी से फल को गहरा लाल रंग मिलता है।



### पहले राजिम क्षेत्र की पहचान तरबूज की खेती से होती थी, अब न के बराबर

### महानदी की रेत पर होती थी पहले कलिंदर की खेती

दो दशक पहले पैरी एवं महानदी की रेत पर कलिंदर की खेती होती थी। जैसे ही किसान नवंबर माह में धान की फसल की मिजाई कटाई कर लेते थे। उसके बाद 4 महीने खाली न रहकर सीधे नदी में बाड़ी लगाने में लग जाते थे। कलिंदर, खरबुजा बड़ी संख्या में यहां लगाए जाते थे। बाद में भिंडी, बरबटी, खीरा,ककड़ी, कोचई इत्यादि लगाकर खेती करते थे। उस समय एक से बढ़कर एक कलिंदर की खेती होती थी उन्हें रायपुर, नागपुर मुंबई ,कोलकाता, चेन्नई इत्यादि महानगरों में बिक्री के लिए रखे जाते थे। कुछ कलिंदर तो यहां व्यापारी ही खरीद कर सीधे विदेश भेजते थे। परंतु समय के साथ-साथ नदी का जलस्तर कम हो गया और जलस्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार द्वारा एनीकेट बना दिया गया। जिसके कारण किसानों को अब राजिम की नदी पर बाड़ी लगाने नहीं मिल पा रहा है। फलस्वरुप राजिम एवं नवापारा के लोगों को बाहर से आयातित तरबूज खरीद कर खाना पड़ रहा है।

# ग्राम पंचायत रोहिना में सरपंच पंचों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा।

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रोहिना में नवनिर्वाचित सरपंच रूपेश साहू ने पंचो के साथ पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम में जिला पंचायत क्षेत्र क्र.02 के सदस्य प्रतिनिधि ओंकार साहू की उपस्थित थी । शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ सत्यनारायण भगवान की पूजा-पाठ से किया गया। इसके बाद पंचों का श्रीफल देकर सम्मान किया गया। रूपेश साहु वर्तमान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी है। सरपंच पद की शपथ लेने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली और आखिरी प्राथमिकता गांव का विकास होगी। बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गांव के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि रोहिना एक आदर्श ग्राम पंचायत बन सके। इस अवसर पर रूपेश साहू ने ग्राम के बुजुर्गों और मातृशक्ति का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया कि वे सभी की समस्याओं का समाधान करेंगे और जनसेवा को ही अपना कर्तव्य मानेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने सरपंच रूपेश साहू को बधाइयां दी।



**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// उदघोषणा //**

रा.प्र.क्र./ / ब- 121/ वर्ष 2015-16

एतद् द्वास सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सालिकराम वल्द मयाराम जाति हल्बा ग्राम कुटेना प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. व तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने अपने माता जानकी बाई के जन्म प्रमाण पत्र / मृत्यु प्रमाण पत्र 01 वर्ष की अवधि के अंदर पंजीयन नही कराने के कारण विलंबित जन्म-मृत्यु का पंजीयन किये जाने हेतु उप पंजीयक (जन्म-मृत्यु) को आदेशित करने बाबत (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 (3) एवं छ.ग. जन्म मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 9 (3) के प्रयोजन हेतु शपथ पत्र मय अनुपलब्धता प्रमाण सहित प्रस्तुत किया है ।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्ध शासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक15.03.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/ आपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उदघोषणा आज दिनांक 05/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद-मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
छुरा

**शोक संदेश**



**स्व. श्री अशोक दुबे**

परिवार का नाम मंदिर था, स्नेह की शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ उसकी भक्ति थी।
ऐसी आपकी दिव्य आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें...

:: शोकाकुल ::
समस्त दुबे परिवार जाड़ा पदर।

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति श्री अशोक दुबे का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 25.02.2025 दिन-मंगलवार प्रयागराज कुम्भ (उ.प्र.) में हो गया है। जिसका देह संस्कार दिनांक 27.02.2025 दिन गुरूवार गोकर्ण घाट (उ.प्र.) गंगा नदी के तट पर किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए निम्न कार्यक्रम रखा गया है। अतः आप निम्न कार्यक्रम में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजली अर्पित करेंगे।

**कार्यक्रम**
दशगात्र : दिनांक- 08.03.2025, दिन- शनिवार
तेरहवीं : दिनांक- 11.03.2025, दिन- मंगलवार
कार्यक्रम स्थल : ग्राम- आई टी आई पारा जाड़ापदर, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

:: विनीत ::
श्रीमती राधा दुबे (पत्नि)
राकेश दुबे (पुत्र)
जाड़ा पदर, जिला- गरियाबंद

नोट- जिन स्वजनों को शोकपत्र नही मिल पाया है, इसे ही शोक संदेश स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## सोनू को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने सोनू कुमार मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा अध्ययन की परंपरा और डॉ.विनय कुमार पाठक विषय पर हिंदी में शोध किया है। उन्होंने अपना शोधकार्य शासकीय दूधाधारी बजरंग स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सविता मिश्रा के मार्गदर्शन में पूरा किया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. सविता मिश्रा वर्तमान में शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम, जिला गरियाबंद में बतौर प्राचार्य पदस्थ हैं।

## गुरु घासीदास बाबा ने समानता और मानवता का दिया संदेश



**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी गुरुवार को बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौधपुरी धाम पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा, बाबा गुरु घासीदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने समानता, न्याय और मानवता का संदेश दिया था। आज हमें उनके आदर्शों को अपनाकर छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की सरकार को बाबा गुरु घासीदास के सिद्धांतों पर चलते हुए राज्य के विकास और जनकल्याण के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। गिरौधपुरी धाम में श्री जोगी के साथ पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक, उपाध्यक्ष अशोक सोनवानी, विधि प्रकोष्ठ के नेता अधिवक्ता आनंद मुगरी भी उपस्थित थे।

## बार-बार बिजली बंद से नगरवासी त्रस्त

**नवापारा-राजिम।** नगर में इन दिनो बार-बार बिजली बंद होने से नगरवासी परेशान हो गए है। दिन में तीन से चार बार अघोषित बिजली बंद होने से विद्यार्थियो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि सीबीएसई ,छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं कॉलेज की परीक्षाएं अभी चल रही है। बिजली बंद होने से छात्रों की पढ़ाई पर ज्यादा असर पड़ रहा है। चूंकि दिन में अब गर्मी भी पड़ रही है इसलिए बिजली बंद होने से पंखे, कूलर भी बंद हो जाते है जिससे आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न व्यवसाय जो बिजली पर निर्भर है वो भी बार-बार की बिजली बंद से परेशान है। हॉलर मशीन, वेल्डिंग एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र जैसे अन्य व्यवसायी बार-बार बिजली बंद होने की समस्या से त्रस्त है। अब दोपहर में तेज गर्मी पड़ने लगी है। पूरे दिन में किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद कर दी जाती है। अभी तो गर्मी पिक में नहीं है तब यह हाल है आगे क्या होगा इसका पता नहीं? बहरहाल गुरुवार को कोई राईस मिल के कारण बिजली बंद किए जाने की जानकारी विभाग के जेई ने दी। ठीक इसी तरह शुक्रवार दोपहर भी कहीं टांसफार्मर लगाए जाने की बात कहते हुए बिजली बंद कर दी गई थी इससे उपभोक्ताओं में न केवल गहरी नाराजगी व्याप्त है बल्कि नागरिक और व्यापारी वर्ग आक्रोशित भी होने लगे है।

# रीएजेंट घोटाला मामले में दूसरे दिन एक और आईएएस अफसर से पूछताछ, कई अन्य को पूछताछ के लिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीएजेंट, उपकरण आपूर्ति करने के नाम पर 660 करोड़ रुपए के घोटाला करने के मामले में सीजीएमएससी के तत्कालीन एमडी चंद्रकांत वर्मा से पूछताछ के बाद गुरुवार को ईओडब्लू ने तत्कालीन स्वास्थ्य संचालक भीम सिंह को पूछताछ करने तलब किया। सीजीएमएससी के इस महाघोटाला मामले में ईओडब्लू अब तक तीन आईएएस अफसरों से पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक रीएजेंट तथा उपकरण आपूर्ति घोटाला मामले में जांच एजेंसी ने सीजीएमएससी से जुड़े अन्य अफसरों के साथ कर्मियों की लंबी सूची तैयार की है। जांच एजेंसी ने जिन लोगों के नामों की सूची तैयार की है, उनको पूछताछ करने नोटिस जारी कर रही है।

सीजीएमएसी घोटाले को लेकर ईओडब्लू ने पिछले महीने रायपुर तथा दुर्ग में छापे की कार्रवाई करते हुए मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शंशाक चोपड़ा के यहां छापे की कार्रवाई करने के बाद गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। घोटाले को शशांका चोपड़ा ने कैसे अंजाम दिया, घोटाले में और कौन-कौन लोग शामिल हैं, इस बात की जानकारी जुटाने ईओडब्लू सीजीएमएससी के तत्कालीन अफसरों से पूछताछ कर रही है।

हरिभूमि फॉलोअप

### बुधवार को सीजीएमएससी के तत्कालीन एमडी से ईओडब्लू ने की थी पूछताछ


660 करोड़ के घोटाले में पहली बार आईएएस से पूछताछ, ईओडब्लू के अफसरों ने छह घंटे तक दागे सवाल

■ ईओडब्लू मोक्षित कार्पोरेशन के घोटाले की कड़ियां जोड़ने में जुटी

#### ऑडिट रिपोर्ट में गड़बड़ी पकड़ी गई

मोक्षित कार्पोरेशन ने रीएजेंट तथा उपकरण आपूर्ति करने कैसे घोटाले को अंजाम दिया, इस बात का खुलासा ऑडिट रिपोर्ट सामने आने के बाद हुआ। इस संबंध में भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार पिंगआ को इस घोटाले को लेकर पत्र लिखा था। वित्तीय वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेजों की जांच के दौरान ऑडिट टीम ने पाया कि बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की गई थी। कई अस्पतालों को जरूरत से ज्यादा रीएजेंट और उपकरण सप्लाई किए गए, जबकि कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संसाधन ही उपलब्ध नहीं थे।

## एयरटेल वालों ने किया पाइप लाइन डेमेज, रमण मंदिर वार्ड के रहवासी रहे परेशान

■ वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौर ने जोन कमिश्नर के साथ किया पाइप लाइन ट्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र स्थित रमण मंदिर वार्ड में पिछले एक सप्ताह से नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में अचानक पीने के पानी की समस्या आ रही थी। वार्डवासियों की पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद सूर्यकांत राठौर ने गुरुवार को जोन कमिश्नर डॉ. आरके डोंगरे के साथ वार्ड के समीप रेलवे स्टेशन के पास पाइप लाइन ट्रेस किया। उन्हें वहां पर पाइप लाइन में 2 जगह लीकेज मिले। यह लीकेज एयरटेल कंपनी द्वारा केबल डालने के कार्य के दौरान पाइप लाइन डेमेज होने से हुआ है। पाइप लाइन डेमेज करने के लिए एयरटेल कंपनी पर 50 हजार रुपये जुर्माना करने के निर्देश दिये हैं।

रमण मंदिर वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौर ने बताया कि सप्ताहभर से उनके वार्ड के नर्मदापारा और चूना भट्ठी इलाके में पेयजल की समस्या से लोग परेशान रहे। इसके पूर्व पाइप लाइन से पानी आपूर्ति की कोई समस्या नहीं रही। इसीलिए पहले उन्होंने वाल्व चेक कराया पर वाल्व में कोई खराबी नहीं मिली। बुधवार की रात स्टेशन रोड की तरफ पाइप लाइन ट्रेस करने पहुंचे, तो देखा कि मुख्य मार्ग पर अंडरग्राउंड नाली के पास पानी भरा है। घुटनाभर गंदे पानी में पाइप लाइन चेक कराने पर पता चला कि वहां दो जगह पाइप लाइन लीकेज है। वार्ड पार्षद ने अपने सामने गड्ढा खुदवाकर शहर के रेलवे स्टेशन के सामने पाइप लाइन में आये लीकेज की तत्काल मरम्मत का कार्य प्रारंभ करवाया है।

### 1 मार्च से बढ़ा हुआ डीए का आदेश होगा लागू

# अप्रैल से मिलेगा बढ़े हुए डीए के साथ वेतन, वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

राज्य सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि यह महंगाई भत्ता 1 मार्च से लागू किया गया है। इसका लाभ 1 अप्रैल से कर्मचारियों को मिलने लगेगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 3 मार्च को छत्तीसगढ़ के बजट में डीए बढ़ाए जाने की घोषणा की थी। उसके बाद गुरुवार को वित्त विभाग की ओर से इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश में छठवें वेतनमान में 1 मार्च से 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। साथ ही 7वें वेतनमान में 1 मार्च से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ाए गए डीए के बाद अब प्रदेश में सातवें वेतनमान का महंगाई भत्ता 53 प्रतिशत पर पहुंच गया है, वहीं छठवें वेतनमान में महंगाई भत्ता 246 प्रतिशत पहुंच गया है।

### डीए 3 प्रतिशत बढ़ने से कर्मियों को 1500 से लेकर अफसरों को 6 हजार 375 रुपए हर महीने लाभ




छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा बजट में शासकीय कर्मियों को दिए जाने वाले डीए को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 53 प्रतिशत किया गया है। सरकार के इस फैसले से शासकीय कर्मियों से लेकर अधिकारियों को एक मार्च से बढ़ा हुई राशि मिलेगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को यह लाभ 544 रुपए से लेकर 1500 रुपए और प्रथम श्रेणी अफसरों को 2250 रुपए से लेकर 6375 रुपए प्रतिमाह मिलेगा।इसी क्रम में तृतीय श्रेणी के कर्मियों के 638 रुपए से लेकर 2275 रुपए, द्वितीय श्रेणी अधिकारियों को 1800 से लेकर 5325 रुपए तक का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मियों की संख्या 3 लाख 84 हजार है, इन सभी को बढ़े हुए डीए का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार द्वारा डीए की घोषणा बजट में किए जाने से पहले शासकीय कर्मियों के संगठन ने सरकार के सामने अपनी मांगें रखी थीं।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री एवं मुख्यसचिव को पत्र लिख कर केंद्र तथा अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों अधिकारियों एवं पेंशनरों को 3% महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दिए जाने की मांग की थी । संयुक्त मोर्चा के प्रवक्ता संजय तिवारी ने कहा था कि केंद्र तथा उत्तरप्रदेश राजस्थान , आसाम सहित अन्य राज्यों के कर्मचारियों को इस समय 53% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जबकि छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों को केवल 50% महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। इसलिए अतः राज्य कर्मियों को भी जुलाई 2024 से प्रतिशत डी ए दिया जाना चाहिए , इसी तरह केंद्र एवं मध्यप्रदेश सहित अन्य भाजपा शासित राज्यों ने जनवरी 2024 से प्रतिशत डीए स्वीकृत किया जबकि छत्तीसगढ़ में अक्टूबर माह से 4 प्रतिशत डी ए स्वीकृत किया गया है। इसलिए 9 महीनो का एरियर्स राशि का एकमुश्त भुगतान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दिया जाना चाहिए।

## पेट्रोल पंप संचालक से लूट, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र के कमल विहार चौक के पास तीन दिन पूर्व सोमवार को पेट्रोल पंप संचालक के साथ मारपीट कर लूट करने के आरोप में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने कारोबारी की कार को बाइक से ठोकर मारकर उनके साथ विवाद कर लूट की थी।

■ तीन दिन पूर्व माना क्षेत्र में बदमाशों ने की थी लूट

हरीश अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने लूट के आरोप में बलराज मानिकपुरी उर्फ सन्नी, लोकेश यादव उर्फ लल्ला, कुलदीप सिंह उर्फ मोंटू को गिरफ्तार किया है। हरीश ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को अपनी कार से समता कालोनी स्थित घर जा रहा था। इस दौरान बदमाशों ने उसकी कार को ठोकर मार दी और कार को ओवरटेक कर रोक लिया। फिर कारोबारी को कार से निकालकर उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया और कारोबारी की जेब में रखे कैश 76 हजार रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। बलराज की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया।

## योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले, इसके लिए मिलकर कार्य करेंगे



**छुरा।** जनपद पंचायत का प्रथम सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें सभी जनपद सदस्यों को शपथ दिलाई गई। जनपद पंचायत के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया और सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने कहा की जो जिम्मेदारी मिली है उसके निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने सभी अधिकारियों से भी अपेक्षा की है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मिले हैं इसके लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे, जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने सभी को साथ लेकर चलने की बात कही, जनपद के सीईओ सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि हम सबका एक ही उद्देश्य है कि शासन के नियमों के अनुसार सभी योजनाओं का लाभ जनता को मिले और इसके आप सबके सहयोग से योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इस तरह कार्य किया जाएगा इसमें आप सब की भूमिका महत्वपूर्ण है। उपस्थित सभी लोगों ने जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष को उनके कमरों में पूजा अर्चना कर विधिवत रूप से कुर्सी सौपी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष के परिवार, भाजपा के संगठन के पदाधिकारी एवं सभी जनपद सदस्य कंचन देवांगन, दुलारी साहू, युवराज साहू, महेंद्र कुमार ध्रुव, सुखबती टांडे, पुष्प लता सिंहा, उत्तरा बाई पटेल, भेषमती साहू, विष्णु राम नागेश, लक्ष न कुमार नेताम, संतोषी ध्रुव, नारायण सिंहा, मुंगेश्वरी ठाकुर, पार्वती ध्रुव, मिलनतीं न कुंजाम, सुखराम ठाकुर, विमला नागेश उपस्थित थे ।

## रस्सी खींच स्पर्धा में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग...



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के धुरवागुड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला एवं जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य किशोर मांझी, सरपंच प्रेमशिला, रूपचंद नेताम, अष्टम पुजारी, सचिव संतोष गुप्ता, सुपरवाइजर लीलावती सेन, बलराम नेताम, कमला सोरी, निरोबाई, चंपा यादव सहित स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर किया। इस दौरान रस्सी खींच व विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ –चढ़कर भाग लिया।

## संपत्तिकर जमा नहीं किया, 2 बड़े बकायादार की फर्म को किया सीलबंद

■ बोरियाखुर्द के श्रीराम कंस्ट्रक्शन, होटल हंट ड्राइव मोनिका रियल बिल्डकॉम को सीलबंद किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व महकमा 300 करोड़ के राजस्व वसूली टारगेट को पूरा करने इन दिनों बड़े बकायादारों पर फोकस कर रहा है। गुरुवार को नगर निगम जोन 10 की टीम ने दो बड़े बकायादार द्वारा डिमांड बिल नोटिस की अंतिम सूचना देने के बाद भी संपत्तिकर जमा नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इनमें बोरियाखुर्द के श्रीराम कंस्ट्रक्शन और प्रोग्रेसिव पाइंट स्थित हॉटल हंट ड्राइव मोनिका रियल बिल्डकाम की फर्म शामिल है।

नगर निगम जोन 10 के राजस्व विभाग ने कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के बड़े बकायेदार श्रीराम कंस्ट्रक्शन बोरियाखुर्द द्वारा बकाया राशि 10 लाख 17 हजार रुपये के संपत्ति कर का भुगतान अंतिम सूचना देने के बाद भी नहीं करने पर संबंधित फर्म को सीलबंद करने की कार्रवाई की। इसी तरह एक अन्य बड़े बकायादार


### लोक अदालत के नोटिस से हड़कंप 7 दिनों में 1.21 करोड़ टैक्स वसूली

**रायपुर।** राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए बिरगांव निगम के राजस्व अमले ने लगभग 1000 बकायादारों की लिस्ट तैयार कर उन्हें डिमांड, नोटिस, कुर्की के लिए प्रक्रिया शुरू की है। इससे 425 बकायादारों द्वारा पिछले माह फ़रवरी में भुगतान किया गया। बचे हुए लोगो को उनके मोबाइल पर मैसेज करके डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है। आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक लेते हुए टैक्स वसूली में कड़ाई करते हुए इसे 100% करने निर्देश दिया। निगम सीमा के 40 वार्डों में इसका परिपालन करवाने के लिए राजस्व अधिकारी दीपक दीवान के नेतृत्व में राजस्व अमले सात दिनों तक सुबह सात बजे से आवासीय क्षेत्र में डोर टू डोर संपर्क किया।

## जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित जनपद सदस्यों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





जनपद कार्यालय फिंगेश्वर में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू एवं उपाध्यक्ष सतीष यादव सहित जनपद सदस्यों ने पद की शपथ ली। इस अवसर पर पूरा कार्यक्रम सादगीपूर्ण रहा। न तो कोई अतिथि आया और न ही शपथ ग्रहण मे जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों के परिवार को कार्यक्रम मे शामिल होने अनुमति मिली। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी स्वप्नील ध्रुव के निर्देश जनपद सभागृह मे जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, उपाध्यक्ष सतीष यादव सहित जनपद सदस्य जनपद कार्यालय पहुंचे तो उनका स्वागत कालीन बिछे मार्ग से जनपद कार्यालय के सभागृह तक ले जाया गया जहां पर प्रवेश द्वारा जनपद के महिला कर्मचारियों ने सभी का टीका रोली लगाकर स्वागत करते अंदर प्रवेश कराया।अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्यों का सभागृह मे पुष्पहार एवं गुलदस्ते से स्वागत कराया गया। इसके बाद पंचायत सचिव कोमल साहू के द्वारा अध्यक्ष इंद्राणी साहू एवं उपाध्यक्ष सतीश यादव को पद का शपथ दिलाया गया। जहां पर उपस्थित जनपद सदस्यों ने जमकर हर्श ताली बजाया। इसके बाद एक एककर सभी जनपद सदस्यों ने अपने पद का शपथ ली।सीईओ स्वप्नील धुरव सभी को बधाई देते हुए जनपद के कार्यो को सुचारू रूप से मिलजुलकर चलाने के लिए अपनी अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, उपाध्यक्ष सतीश यादव,जनपद सदस्य डॉ. दिलीप साहू, मंजू कमलेश साहू, चंपेश्वरी चोवाराम ध्रुव, माधुरी देवनाथ ध्रुव, डॉ. टायल राम साहू, रूखमनी सिन्हा, प्रेमिन मिथलेश धुरव, नंदूराम यादव, उमा राधेश्याम साहू, रोशनकुमार डहरिया, मंजू दिनेश साहू, राधेश्याम साहू, रामेश्वरी चंद्रिका कुर्रे, नीतू चित्रसेन साहू, गोदावरी लेखराम साहू, नीता सोहन लाल साहू, हीरामणी हुलास साहू, सीमा शर्मा, आशीश पांडे, हेमंत साहू, जितेन्द्र साहू, पूजा मुकेश भारती कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### अब 13 की रात 10.37 बजे तक भद्रा

# होलाष्टक के साथ मांगलिक कार्यों पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रसेला


आगामी 14 मार्च को रंगों का त्योहार होली मनेगा। इसके एक दिन पहले 13 मार्च की रात होली जलेगी। इस त्योहार के ठीक पहले 6 मार्च को होलाष्टक लग गया। अब 8 दिन सभी शुभ कामों पर रोक लग गई। ज्योतिषियों के मुताबिक होलिका दहन 13 मार्च की रात को होगा। इस रात 10 बजकर 37 मिनट तक भद्रा है, इस काल में होलिका दहन नहीं होगा। शहर के 40 वार्ड के करीब 90 जगहों पर होलिका जलाई जाएगी। सूखी लकड़ियों को एकत्रित करने का सिलसिला जारी है। खास बात यह कि होली के दिन 14 मार्च को साल का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण लगेगा, लेकिन यह भारत में दिखाई नहीं देगा जानकारी के मुताबिक तिथियों में अंतर को लेकर विभिन्न पंचांगों में अलग-अलग मत हैं। पंडितों के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन के बाद 14 को होली खेलना बता रहा है, तो कोई 14 मार्च की दोपहर तक पूर्णिमा तिथि होने का हवाला देकर 15 मार्च को होली मनाने की बात कह रहा है। पर एक बात को लेकर सभी सहमत हैं कि होलिका दहन 13 मार्च को भद्रा काल के बाद किया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार इस बार फाल्गुन पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10.25 बजे से होगी और इसके अगले दिन यानी 14 मार्च को दोपहर 12.23 बजे पर तिथि का समापन होगा। होलाष्टक लगने के बाद शुभ कार्य जैसे विवाह, सगाई, नया वाहन खरीदारी, जमीन मकान खरीददारी, गृह प्रवेश व धार्मिक अनुष्ठान कोई भी शुभ कार्य नहीं करना चाहिए। इस अवधि में सभी ग्रह उग्र स्थिति में रहते हैं। इस कारण नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे शुभकार्य नहीं होते हैं।

**14 मार्च को पूर्ण चंद्रग्रहण, लेकिन भारत में दिखाई नहीं देगा-** होली पर साल 2025 का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण 14 मार्च को लगने वाला ना है। है। हालांकि यह भारत में दिखाई नहीं देगा। चंद्रग्रहण सुबह 9 बजकर 27 मिनट से प्रारंभ होकर दोपहर 3 बजकर 29 मिनट तक चलेगा। भारत में इस दौरान दिन होगा, इसलिए यहां लोग इस खगोलीय दृश्य का अनुभव नहीं कर पाएंगे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अफ्रीका, उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, पूर्वी एशिया और अंटार्कटिका में दिखाई देगी। चंद्रग्रहण के दौरान चंद्रमा का रंग लाल हो जाएगा, जिसे ब्लड मून कहते हैं।

#### होलिका दहन के लिए शुभ-मुहूर्त

होलिका दहन फाल्गुन पूर्णिमा पूर्णिमा की रात को शुभ मुहूर्त में किया जाता है। 13 को भद्रा रात्रि 10.37 बजे तक है, इसके बाद होलिका दहन होगा। जो लोग 13 को होलिका दहन नहीं करेंगे, वे 14 मार्च को शाम 6:30 बजे से रात 8.30 बजे तक होलिका दहन कर सकेंगे। इस दौरान लोग पवित्र अग्नि में लकड़ी, गोबर के उपले और अनाज अर्पित कर अपनी समस्याओं और नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने की कामना करेंगे। पंडितों के अनुसार इस वर्ष देव पंचांग के अनुसार 6 मार्च से सुबह 10 बजकर 50 मिनट से होलाष्टक प्रारंभ होगा, जो 14 मार्च तक रहेगा। होलिका दहन होने के बाद होलाष्टक समाप्त होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार 8 दिन को शुभ नहीं माना गया है। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 3 मिनट से होगी और समापन अगले दिन यानी 14 मार्च सुबह 11 बजे तक रहेगा। उदया तिथि के अनुसार 14 मार्च को ही पूर्णिमा की तिथि रहेगी। फाल्गुनी पूर्णिमा के अवसर पर 13 मार्च को होलिका दहन के समय भद्रा का प्रभाव रहेगा।




प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता)- छुरा, मो. 9893464850

## खबर संक्षेप



### बरोंडा सरंपच धनसाय निषाद ने ली शपथ

**राजिम।** ग्राम पंचायत बरोंडा के नवनिर्वाचित सरंपच धनसाय निषाद ने पद एवं गोपनीयता के साथ ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा की शपथ पूरे 20 वार्डों के पंचो सहित लिया। जानकारी के मुताबिक श्री निषाद ने रिकार्ड 623 मतों से जीत दर्ज किया। ग्रामवासियों ने इन सभी निर्वाचित पंचो एवं सरपंच को बधाई दी। बताया गया है कि वार्ड 1 से ललिता यादव, वार्ड 2 बासन निषाद, वार्ड 3 उमेश निर्मलकर, वार्ड 4 रोहित निषाद, वार्ड 5 तारणी ध्रुव, वार्ड 6 लोमेश सिन्हा, वार्ड 7 नागेश्वर जांगड़े, वार्ड 8 राजकुमारी चक्रधारी, वार्ड 9 सियाराम साहू, वार्ड 10 कौशल्या साहू, वार्ड 11 लीलाराम निषाद, वार्ड 12 वंदना साहू, वार्ड 13 चित्ररेखा वर्मा, वार्ड 14 गोमती साहू, वार्ड 15 किशन साहू, वार्ड 16 सुदेशनी वर्मा, वार्ड 17 उर्मिला घृतलहरे, वार्ड 18 निर्मला साहू, वार्ड 19 ठगीया बाई साहू, वार्ड 20 शत्रुघ्न निषाद शामिल है।

### नंदनी साहू ने महिला दिवस की बधाई दी

**छुईहा बेलर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिन पूरी दुनिया में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को मनाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है।इस अवसर जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 2 नंदनी



ओमकार साहू ने क्षेत्र सहित प्रदेश भर के महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी है। नंदनी साहू ने अपने संदेश में कहा मां के साथ ममता मिलती, बहन से मिलता हमेशा दुलार, नारी शक्ति को पूजनीय समझो, ये लगाती जीवन की नैया पार। नारी के बिना पुरुष अधूरा है। फिर क्यों कहती है दुनिया कि नारी कमजोर हैं, आज नारी देश प्रदेश के हर क्षेत्र के विकास की भागीदारी बन कर कंधा से कंधा मिल कर चल रही है। अंत में नंदनी ओमकार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,मुख्यमंत्री विष्णु देव साय महिलाओ के उत्थान के लिए हर कदम उठा रही है। वहीं राजिम विधायक रोहित साहू केन्द्र एवं राज्य की महिलाओं के लिए लागू सभी योजनाओं को प्राथमिकता से धरातल में उतारने हर प्रयास कर रहे हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामाधार साहू, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 1 नंदनी ढीढी ने भी महिलाओं को बधाई दी है।

## निधन

### सनत साहू

**नवापारा-राजिम।** ग्राम पिपरौद निवासी अमीन पटवारी सनत साहू



का गुरुवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्राम पिपरौद में किया गया। वे बालमुकुंद साहू, चन्द्रहास साहू, कमलेश साहू के बड़े भैया एवं नीरज साहू तथा सूरज साहू के पिता थे।

**महिला दिवस :** आक्शन हाल गरियाबंद में किया गया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम

# महिलाएं सभी विभाग में पदस्थ, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही : अनिता ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोक आस्था और संगवारी महिला मंच के संयुक्त तत्वाधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम आक्शन हाल गरियाबंद में पीएचएफ के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लता नेताम सचिव लोक आस्था सेवा संस्थान ने कही कि सभी महिलाओं को नई उचाईयों को छुना है सभी एक दूसरे का सहयोग करते हुए अपनी पहचान बनानी है और हौसला बुलंद करना है हक सम्मान व समानता के लिए खामोशी तोड़ने की अपील की फिर उसके बाद न्यायाधीश अनिता ध्रुव - प्रथम व्यवहार न्यायाधीश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद ने कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सम्मान में पूरे विश्व में मनाया जाता है। आज शिक्षा के क्षेत्र मे महिलाएं आगे बढ़ रही है और सभी विभाग में महिलाएं पदस्थ है महिलाओं के सम्मान में हमें सभी विभाग में आगे बढ़ने की जरूरत है। इसके पश्चात माननीय न्यायाधीश तेजस्विनी देवांगन मैडम अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद ने बताया कि महिला सुरक्षा दहेज प्रथा, महिला घरेलू हिंसा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या करना गर्भपात करना ये सब अपराध के श्रेणी में आते हैं सबके लिए कानून बना और कानूनों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया साथ ही एक श्लोक के माध्यम से बताया कि जहां नारी का पूजा होता है वहां देवता भी निवास करते है।






### महिला के बिना जीवन की कल्पना नहीं हो सकती

न्यायाधीश यशवंत वासनीकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो गरियाबंद ने बताया कि महिलाओं की ऐतिहासिक काल का वर्णन करते हुए बताया कि महिलाओं को सम्मान गौतम बुद्ध के काल से समानता दिया गया जिसका वर्णन सूत पिटक धम्मपिटक और विनयपिटक में देखने को मिलता है साथ ही 1905 में 15 हजार महिलाओं ने पहली बार महिला दिवस मनाया और उसके बाद 1928 में भारत में महिलाओं के अधिकार में बारे बाबा साहब अंबेडकर ने कार्य की अवधि कम करने की मांग साइमन कमीशन में किया 1952 में महिलाओं के लिए विधवा विवाह और विवाह के लिए वर चुनने और विवाह का उम्र साथ ही पैतृक संपति में महिलाओं का अधिकार की मांग बाबा साहब ने किया और साथ बताया कि महिला के बिना जीवन की कल्पना नहीं हो सकती वो जन्म देने वाली मां है और महिलों को भी समानता का अधिकार मिले। इस प्रकार से जानकारी दिया इसके बाद दीपा साव जी महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि महिलाओं को जागरूक होना चाहिए और नियम और कानून की जानकारी लेना चाहिए साथ ही चंद्रकांत साहू परियोजना अधिकारी ने महिलाओं के मातृशक्ति योजनाएं जो संचालित है उनके बारे जानकारी दिया साथ ही अनिल द्विवेदी बाल विवाह और 1098 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया सखी वनस्टॉप सेंटर से रंजन जी से सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी दिया और कार्यक्रम में जनपद सदस्य लोहारी राजनतीन ठाकुर, सरपंच दांत बायकला, द्रौपदी ठाकुर तेंदुबाय, सरपंच रूखमणि और संगवारी महिला मंच छुरा और गरियाबंद ब्लॉक से मुखिया दीदी दुखिया बाई हीरामणि, अनेशी लालमती, गणेशी दशमती, बद्रिका, बासन बाई, सावित्री, अहिल्या अपनी विचार रखे । समस्त संगवारी महिला मंच की महिलाओं का विशेष सहयोग रहा।

# मड़ेली के सरपंच व पंचों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम पंचायत मड़ेली में नवनिर्वाचित सरपंच एवं 15 वार्ड के पंचों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सरपंच अशोक ध्रुव एवं पंचगणों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सरस्वती माता, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी व महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, एवं पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात ग्राम पंचायत के सचिव अंबिका सोनी ने सरपंच व पंचों का पुष्प-हार एवं गुलाल तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया । इसके बाद पंच गण वार्ड क्र.01 बुधाबाई सतनामी, 02. गणेशी बाई सतनामी,03. कुल्दीप ध्रुव, 04. तेजराम निर्मलकर, 05. कुलेश्वरी नंदे, 06. कचरु राम मिल्ने, 07. हेमकुमारी नंदे, 08. ललिता बाई ठाकुर, 09. भागीरथी ठाकुर, 10. कमला बाई ठाकुर, 11.महेश्वरी ठाकुर, 12. सातो बाई ठाकुर,13. कुमारी बाई ध्रुव, 14. जागेश्वर ध्रुव, 15. जसप्रित(हैप्पी) गुरुदत्ता का स्वागत , कृपा राम ध्रुव, भूषण ठाकुर, भंगी राम नेताम, मनजीत सिंह गुरुदत्ता,तपेश्वर साहू,रामचंद साहू, भगोली निषाद,भगवानी निषाद, गिरधारी सेन, चिंता राम सेन, भारत ध्रुव,फगनू ध्रुव, गुलशन मोगरे,भीषम,टेमन, एवं ग्रामवासियों के द्वारा किया गया। सचिव अंबिका सोनी ने नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों को एक साथ पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने के पश्चात सरपंच अशोक ध्रुव ने कहा कि जिन मतदाताओं ने उन पर भरोसा जताया है, उनका धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। और मैं बिना भेदभाव से अपनी क्षमता और योग्यता के अनुसार आप सब के सहयोग से जनता के भलाई का कार्य करुंगा एवं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरुंगा। कार्यक्रम का संचालन भंगीराम नेताम ने किया। अन्त तेजराम निर्मलकर ने आभार व्यक्त किया।

# विधायक से पितईबंद के पंचायत प्रतिनिधियों ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत पितईबंद के नवनिर्वाचित सरपंच गोदावरी-सहदेव बंजारे सहित पूर्व सरपंच पूनम बंजारे, तुकेश नगारची, प्रभा बंजारे, शेखर बंजारे,संतोष बघेल,राम्हीन भारती ,जगदीश यादव, अनुसुइया बयां ,दानेश यदु ,फग्गू, पोषण, पारस ने विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर बुके भेंट किया।

# संधिकाल आत्मपरिवर्तन का समय : ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

### अंचल के गांव -गांव में फहराया शिव ध्वज

ग्राम खड़मा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अन्तर्गत क्षेत्र के विभिन्न गांव में संचालित ब्रह्माकुमारीज की गीतापाठ शालाओं में शिव ध्वजारोहण कर परमात्मा पिता शिव के अवतरण के 89वी जयंती मनाई गई। गत बुधवार को ग्राम पीपरछेड़ी (जतमईगढ़), गायडबरी करचाली में ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र खड़मा के ब्रह्मावतसों ने ग्रामवासियों एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में सर्व धर्ममान्य, सर्व आत्माओं के परम पिता ज्योति बिंदु स्वरूप, अकालमूर्त परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण की जयंती पर शिव का ध्वज फहराया एवं आत्मजागरण का संदेश दिया। ग्राम पीपरछेड़ी में नवनिर्वाचित सेवा केंद्र की संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की यह संधि काल का समय है, जब सृष्टि बदलाव के दौर से गुजर रही है। परमात्मा अवतरण के इस पर्व पर उन्होंने राजयोग की शिक्षा देते हुए आत्मपरिवर्तन और विश्व कल्याण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में ग्राम के प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमती नीरा बिसहत राम ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था की ओर से उनका पुष्पगुच्छ एवं ईश्वरीय सौगात देकर स्वागत व सम्मान किया गया। वहीं ग्राम करचाली एवं गायडबरी में भी जनपद के अधिकारी एवं नवनिर्वाचित पंचो की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। उक्त सभी ग्रामों में ब्रह्माकुमारी बहनों का अन्न, धन इत्यादि सौगात भेट कर स्वागत एवं सम्मान किए। इस अवसर पर माउण्ट आबू मधुबन से पहुंचे ब्रह्माकुमार द्वारिका भाई ने अपने आध्यात्मिक जीवन की अनुभव व्यक्त करते हुए जीवन में सुख- शान्ति एवं संपन्नता प्राप्ति का साधन बताया। वहीं सह संचालिका ब्रह्माकुमारी चंद्रिका बहन ने समय के साथ- साथ जीवन मे आध्यात्मिकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए ग्राम में शांति पूर्ण व्यवस्था के साथ ग्राम व समाज के विकाश के लिए नशा मुक्त ग्राम बनाने की बात कही। संस्थान के वरिष्ठ अगहन सिंग ठाकुर, बीके नम्रता, बीके अलका बहन, गोविंद यादव, हेमलाल यादव, सज्जन यादव, दुमेश्वर नंदे, अलख राम, रीमान निषाद, चूड़ामणि सहित ग्रामवासी एवं गीता पाठ शाला के सदस्य माताएं व बहानें बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमार तेजस्वी यदु ने किया।



# क्रिकेट प्रतियोगिता में शहीद राजेश कुमार ध्रुव रवेली की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम खैरझिटी में प्रथम वर्ष सात दिवसीय फाइन स्टार क्रिकेट क्लब (टेनिस बाल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में सरपंच डेमेश्वरी दीवान, जनपद सदस्य सुखबती टाण्टे, पवन पटेल, महेश यादव, बाबूलाल ध्रुव ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, बलीराम ठाकुर पूर्व सरपंच, संतराम ठाकुर पूर्व उपसरपंच, पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता, हरीश पटेल, उमाशंकर यादव, बृजलाल यदु, प्रेमचन्द यादव के साथ-गांव के विरिष्ठ नागरिक मंचसीन रहे। सभी अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया गया और पुरुस्कार वितरण भी किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के नामचित 40 टीमों ने भाग लिया जिसका फाईनल मैच गुरुवार 03 बजे प्रारंभ हुआ। फाईनल मैच शहीद राजेश कुमार ध्रुव रवेली



### क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन

और खैरझिटी के बीच खेला गया। यह क्रिकेट मैच काफी रोमांचक रहा जिसमें फाईनल मैच के विजेता शहीद राजेश कुमार ध्रुव रवेली क्रिकेट टीम को 10000 हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी, द्वितीय खैरझिटी को 7000 हजार रुपए एवं ट्रॉफी, तृतीय दादरगांव को 5000 रुपए एवं ट्रॉफी, चतुर्थ जी ईलवन 3000 रुपए एवं ट्रॉफी वितरण किया गया। साथ ही बेस्टर बॉटर, बेस्टर कैचर, बेस्टर फिल्डर, बेस्ट बेस्टेमेन, ऑलरांडर का पुरस्कार भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आयोजक टीम के सदस्य हरीश, नंदकिशोर, परमेश्वर, खेमराज, उमेश, रामरतन, मनोज, खमेश, कामता, लोमश, खुबलाल, महेंद्र, कुलेश्वर, ठगेश, दूजराम सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जपं मैनपुर में अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने ली शपथ



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को नवनिर्वाचित जनपद पंचायत अध्यक्ष एंव उपाध्यक्ष तथा सभी 24 सदस्यों द्वारा प्रथम सम्मिलन में शामिल हुए एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा शपथ ग्रहण लिया। जिसमें प्रमुख रूप अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपुत, क्षेत्र क्रमांक 01 जामून नेगी, 02 प्रताप सिंह मरकाम, 3 कुमारी बाई डोमार पटेल 04सुकचंद सिंह ध्रुव, 05रमुला बाई मरकाम, 06फूलचन्द मरकाम, 07 माधुरी बाई नेताम, 08 सूर्यकांती नागेश, 09किशोर मांझी, 10 अभिराम ध्रुव, 11 परमेश्वर जैन, 12 निर्भय सिंह ठाकुर, 13 चैनसिंह ध्रुव, 14 चंदन लाल ज्ञानचंदानी, 15 सुनिता यादव, 16 वृन्दा नागेश,17 डॉ. योगीराज माखन कश्यप, 19 कुन्ती साहू, 20 बिन्देश्वरी कश्यप, 21 सुभाषचन्द्र यादव, 22 बेदमति ध्रुव, 23 तपेश्वर राजपुत एंव जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया, इस मौके पर प्रमुख रूप से जनपद स्टाप एडिशनल सीईओं डीके नागवंशी, विकास विस्तार अधिकारी डीके शाडिल्य, मनरेगा परियोजना अधिकारी कपील नायक, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुर्वा, चैतराम यादव, पतिराम साहू, चन्द्रकुमार नागेश, बोध पटेल, हिमाचल साहू, उत्तम चौधरी, प्रणय साहू, हेमंत तिर्की, तोमेश्वर साहू, हीना नेताम, ओमप्रभा वट्टी, दीपक ध्रुव, टेशुलता ध्रुरव, अजीत ध्रुरव, सुरेश साहू, हीरालाल कुंजाम, पुरन साहू, खगेश्वर बिसी, विकेश साहू, गणेश नागेश, अजय कुमार, शेखर कश्यप, मिश्रीलाल यादव सहित बडी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



# बम्हनी में सीसी रोड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गुरुवार को ग्राम पंचायत द्वारतरा के आश्रित ग्राम बम्हनी में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन नवनिर्वाचित सरपंच पन्ना लाल ध्रुव एवं सभी नवनिर्वाचित पंचगण और ग्राम प्रमुखो की उपस्थिति में किया गया। सरपंच पन्ना लाल ध्रुव ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारतरा के दोनों ग्राम बम्हनी व द्वारतरा में जितना भी अधुरा कार्य है उसे आप सबकी सहयोग से तेजी से पूरा करेंगे एवं द्वारतरा पंचायत के विकास में विधायक, सांसद, मंत्री, मुख्यमंत्री जहां से संभव हो मदद लेंगे और पंचायत को मांडल पंचायत बनेंगे। इस कार्य क्रम में उपस्थित थे पवन कुमार साहू पूर्व उपसरपंच, गैंद लाल साहू, बाबू लाल ध्रुव, प्रहलाद ध्रुव, भुवन लाल मरकाम पंच, संतोष कुमार सिन्हा, हरिश कुमार ध्रुव पंच, जैन सिंग ध्रुव, देवकरण मन्नाडे, रूपेंद्र साहू, मनहरण साहू, महेश्वरी साहू पंच घनश्याम साहू पंच, सीता राम पंच, अमर लाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू, तिज राम ध्रुव, अंकेश यादव, नेहरू साहू, भागवत साहू, हेमू ध्रुव, पंच राम साहू, पुना बाई ध्रुव पंच, यादराम साहू, देवेन्द्र कुमार ध्रुव, अनुसुईया साहू, गजानंद ध्रुव, भनस साहू, संत राम साहू, छवि साहू, माधोराम ध्रुव आदि उपस्थित थे।

### जिला जेल में तनाव प्रबंधन के विषय पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदी और स्टॉफ के साथ तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना, अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि बताया गया। वहीं रोकथाम के उपाय सुझाए गए।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468







आवश्यकता है
हरिभूमि समाचार पत्र को जिला गरियाबंद में पार्ट टाईम डोर-टू-डोर कार्य हेतु युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का साधन हो तत्काल संपर्क करें।
पद - 10
योग्यता : 10वी, 12वीं, स्नातक
वेतन : 12000 +
Resume Whatsapp करें
7987124123
8370049468
हरिभूमि कार्यालय
बस स्टैण्ड नवापरा (राजिम)